रांची, सोमवार, 3 अगस्त, 2015

खबर मंत्र

# राष्ट्रीय लोक अदालत आठ को

संवाददाता

रांची। नालसा के निर्देश पर देश भर में आठ अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत तथा 25 से 29 अगस्त तक मेगा लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आठ अगस्त को डोरंडा स्थित झालसा कार्यालय न्याय सदन तथा राज्य भर के सभी निचली अदालतों में लोक अदालत लगाकर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उस दिन सभी प्रकार के बैंक ऋण, एनआई एक्ट, मनी सूट से संबंधित मामले तथा सर्टिफिकेट मामलों का निष्पादन किया जाएगा। तीन से सात अगस्त संबंधित मामले में डालसा कार्यालय में आकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसमें अतिरिक्त मेगा लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, दीवानी मामलों, मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों, एन० आई० एक्ट (चेक बाउंसिंग) मामलों, पारिवारिक विवाद, राजस्व मामले, सर्टिफिकेट /नीलाम वादों से संबंधित मामलों का निष्पादन सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा।